युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
MINISTRY OF
YOUTH AFFAIRS AND SPORTS
GOVERNMENT OF INDIA

मेरा भारत

SAI

NATIONAL
SPORTS DAY

खेलो इंडिया संवाद

खेल की बात PM MODI के साथ

गुरु नानक कॉलेज, धनबाद 27TH AUGUST 2026



युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
MINISTRY OF
YOUTH AFFAIRS AND SPORTS
GOVERNMENT OF INDIA

मेरा भारत

SAI

NATIONAL
SPORTS DAY

खेलो इंडिया संवाद

खेल की बात PM MODI के साथ

गुरु नानक कॉलेज, धनबाद 27TH AUGUST 2026



युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
MINISTRY OF
YOUTH AFFAIRS AND SPORTS
GOVERNMENT OF INDIA

मेरा भारत

SAI

खेलो इंडिया संवाद

खेल की बात PM MODI के साथ

गुरु नानक कॉलेज, धनबाद 27TH AUGUST 2026



गुरू नानक कॉलेज में खेलो इंडिया संवाद का आयोजन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के युवा संवाद कार्यक्रम से जुड़े 100 से अधिक छात्र-छात्राएं

धनबाद, 27 अगस्त 2026: राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की पहल के तहत आयोजित "खेलो इंडिया संवाद" कार्यक्रम का आयोजन गुरू नानक कॉलेज, धनबाद के बैंकमोर कैंपस में उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव संवाद कार्यक्रम को देखा और सुना तथा खेल, युवा सहभागिता एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचारों को जाना।

कार्यक्रम का आयोजन

- कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रंजना दास के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को खेलों के प्रति जागरूक करने तथा खेल के माध्यम से व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया।

विशेष अतिथि

- SAI की राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी **आंचल कुमारी** विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने खेल जीवन के अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किए तथा खेलो इंडिया अभियान, खेलों में युवाओं के लिए उपलबध अवसरों और खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों के विभिन्न सवालों का जवाब देते हुए उन्हें खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

प्रोफेसर इंचार्ज का संबोधन

- बैंकमोर कैंपस की प्रोफ़ेसर इंचार्ज डॉ. वर्षा सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी के भीतर प्रतिभा और क्षमता होती है तथा सही दिशा, मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर व्यक्ति अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया और खेलों को स्वस्थ जीवन एवं व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

छात्र-छात्राओं की सहभागिता

- कार्यक्रम में बैंकमोर कैंपस के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही। विद्यार्थियों ने खेलों से जुड़े अपने प्रश्न भी रखे और उपस्थित खेल विशेषज्ञ से उनके उत्तर प्राप्त किए। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में खेल भावना, आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने का कार्य किया।

एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी का संबोधन

- एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी, इकाई-2, प्रो. अभिषेक कुमार सिन्हा ने खेलो इंडिया संवाद की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि युवाओं को खेल, अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने में ऐसे कार्यक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका हैं। खेल केवल शारीरिक क्षमता का विकास नहीं करते, बल्कि टीम भावना, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और संघर्ष करने की क्षमता भी विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से खेलों को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का संचालन

- कार्यक्रम का सफल संचालन एनएसएस स्वयंसेवक लीडर सक्षम रंजन ने किया। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को खेलो इंडिया संवाद के उद्देश्य एवं महत्व से अवगत कराया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवाद के मुख्य विषय

- खेलों के विकास, युवाओं की सहभागिता, खेल सुविधाओं के विस्तार, 2036 ओलंपिक की तैयारियों, प्रशासन में युवाओं की भागीदारी तथा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ प्रधानमंत्री के संवाद को सुना और खेलों के क्षेत्र में देश में हो रहे प्रयासों की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम की सफलता

- कार्यक्रम के सफ़ल आयोजन में गुरू नानक कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालय परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


खेलो इंडिया
संवाद
खेल की बात PM MODI के साथ
27TH AUGUST 2026
खेलो इंडिया
संवाद
All Episodes


खेलो इंडिया संवाद
खेल की बात PM MODI के साथ
SAI


खेलो इंडिया
संवाद
खेलो इंडिया
संवाद
VATS


खेलो इंडिया
संवाद
खेल की बात PM MODI के साथ
खेलो इंडिया
संवाद


खेलो इंडिया संवाद
खेलो इंडिया संवाद
खेलो इंडिया संवाद
खेलो इंडिया संवाद

समाचार सार

सर्वांगीण विकास में खेल की भूमिका : डा. वर्षा



गुरु नानक कालेज के व्याख्यान में डा. वर्षा व अन्य ● सौजन्य : डा. वर्षा

जासं, धनबाद : गुरु नानक कालेज बैंक मोड़ कैंपस में राष्ट्रीय खेल दिवस पर व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता प्रोफेसर इंचार्ज डा. वर्षा सिंह ने विद्यार्थियों को खेल और पढ़ाई के बीच संतुलन, अनुशासन तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेल की महत्वपूर्ण भूमिका है। खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और निर्णय लेने की क्षमता का भी विकास करते हैं। पढ़ाई के साथ-साथ नियमित रूप से खेल एवं शारीरिक गतिविधियों में भाग लेना आवश्यक है। प्राचार्या डा. रंजना दास, एनएसएस इकाई दो के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अभिषेक कुमार सिन्हा ने भागीदारी की।

कुमार सिंह, उदय प्रताप सिंह, उमेश सिंह, मुकेश सिंह, गु

खेलकूद से नेतृत्व क्षमता का होता है विकास : डॉ वर्षा सिंह

धनबाद. राष्ट्रीय खेल दिवस पर गुरुनानक कॉलेज, बैंक मोड़ कैंपस में रविवार को व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया. प्राचार्य डॉ रंजना दास के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में बैंक मोड़ कैंपस की प्रोफेसर इंचार्ज डॉ वर्षा सिंह ने कहा कि खेल शारीरिक स्वास्थ्य के साथ आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करते हैं. प्रो अभिषेक कुमार सिन्हा ने विद्यार्थियों से खेल को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया. कार्यक्रम में 40 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया.

शहादत दिवस पर प्रभु महतो को दी गयी श्रद्धांजलि

